29 मार्च 2026
रविवार

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण


नन्हें कदमों से बड़े सपनों तक : धूमधाम से संपन्न हुआ राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल का 13वां वार्षिकोत्सव

2



## एक नजर

### नोएडा एयरपोर्ट का शुभारंभ, पहले चरण में 10 हजार करोड़ का खर्च

**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च, शनिवार को उद्घाटन कर दिया। यह एयरपोर्ट के पहले चरण की शुरूआत है। इसके साथ ही एयरपोर्ट काम करने लगेगा। यह भारत के अत्याधुनिक एयरपोर्ट में से एक है और इसे कई चरणों में बनाया जाएगा। आइए जानते हैं कि इस एयरपोर्ट की इतनी चर्चा क्यों है और इसकी खासियत क्या है। जेवर एयरपोर्ट भारत के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में से एक है। ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का अर्थ होता है कि इसका निर्माण एक ऐसी जमीन पर किया गया है, जहां पहले कोई निर्माण नहीं था। इसकी डिजाइन पूरी तरह से नई है और इसे विस्तार देना भी बहुत आसान होगा। जेवर एयरपोर्ट का निर्माण उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में लगभग 1300 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र में किया गया है। नोएडा एयरपोर्ट की क्षमता पहले चरण में 1.2 करोड़ वार्षिक की है, जिसे भविष्य में 7 करोड़ तक करने का लक्ष्य है।

### बिहार में हड़ताली अफसरों की खैर नहीं, सरकार ने दिए एफआईआर के आदेश

**पटना।** बिहार के हड़ताली सीओ और राजस्व अधिकारियों पर दबाव और धमकी की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि काम पर लौटे अधिकारियों को धमकाने या बाधा पहुंचाने वाले किसी भी संघ नेता या पदाधिकारी पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी। इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी डीएम को पत्र लिखा है। इसमें निर्देश तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने इसे सेवा नियमों का उल्लंघन सहित आपराधिक कृत्य माना है। विभाग को मिली शिकायतों के अनुसार, हड़ताल पर गये कुछ अधिकारी काम कर रहे अपने सहयोगियों को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमका रहे हैं। वे सोशल मीडिया पर नेमिंग एंड शेमिंग कर मानसिक दबाव बना रहे हैं।

# टीएमसी ने भय, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति को बढ़ावा दिया : शाह

- विकास के अभाव में बंगाल उद्योग के लिए एक प्रकार से कब्रिस्तान बन चुका है
- ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति खेली है



**एजेंसी। कोलकाता**


बंगाल में विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में ममता बनर्जी सरकार की कथित विफलताओं के खिलाफ चार्जशीट (आरोप पत्र) जारी किया। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन के दौरान शाह ने चार्जशीट जारी करते हुए तृणमूल के 15 वर्षों के शासन में घुसपैठ व महिला अपराधों से लेकर भ्रष्टाचार, सिंडिकेट और घोटालों के आरोपों की बौछार करते हुए जोरदार हमला बोला। शाह ने कहा कि यह चार्जशीट टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। सोनार बांग्ला का स्वप्न दिखाकर सिंडिकेट राज स्थापित कर बंगाल की जनता का शोषण करने वाले शासन की कहानी है।एक प्रकार से आने वाले चुनाव में बंगाल की जनता को तय करना है कि भय को चुनना है या भरोसे को चुनना है। यह चार्जशीट, टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है।उन्होंने कहा कि टीएमसी के कुशासन में बंगाल भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। ऊपर से नीचे तक आपराधिक सिंडिकेट जनता को परेशान कर रहे हैं। विकास के अभाव में बंगाल उद्योग के लिए एक प्रकार से कब्रिस्तान बन चुका है। शाह ने कहा कि बंगाल का ये चुनाव सिर्फ बंगाल के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव के साथ एक प्रकार से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि ये चार्जशीट बंगाल की जनता द्वारा ममता बनर्जी के खिलाफ लगाया हुआ चार्जशीट है, जिसको भाजपा एक आवाज दे रही है। भाजपा ने तय किया है कि टीएससी के शासन के खिलाफ जनता के जो मुद्दे हैं इसको आवाज देना और बंगाल के चुनाव में ये जो पूरी अराजकता टीएससी के शासन में फैली है। इसका हम क्या हल लेकर आएंगे इसका हम जवाब भी संकल्प पत्र (घोषणापत्र) में लेकर आएंगे। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति खेली है। तंज कसते हुए कहा कि चुनाव से पहले कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं, और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं और चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस राजनीति को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

### भाजपा सरकार बनने पर अवैध घुसपैठियों बाहर किया जाएगा

गृह मंत्री ने वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा और सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा।उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति, महिलाओं की सुरक्षा और विभिन्न भ्रष्टाचार मामलों- जैसे राशन, शिक्षक भर्ती, मनरेगा और अम्फान- को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। अंत में उन्होंने बंगाल की जनता से अपील की कि वे भयमुक्त होकर अपने अधिकार का प्रयोग करें और राज्य में परिवर्तन लाएं।

### गौतम बुद्ध नगर जिले में लगभग 1300 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र में किया गया है

# सेमीकंडक्टर फैक्ट्री से आत्मनिर्भर भारत को नई ताकत : पीएम मोदी



नोएडा एयरपोर्ट की क्षमता पहले चरण में 1.2 करोड़ वार्षिक की है

**एजेंसी। नई दिल्ली**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के पांचवें इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाषण में कहा, कुछ ही सप्ताह पहले ही नोएडा में बहुत बड़ी सेमिकंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ है। जो भारत को आत्मनिर्भर बना रही है। पीएम मोदी ने शनिवार को जेवर एयरपोर्ट को देशवासियों को समर्पित करते हुए कहा, आज युवाओं को पता है कि यह जो काम हो रहा है, यह नौजवानों के भविष्य को नई उड़ान देने वाला काम है। देशवासियों से पीएम मोदी ने कहा, देश का सबसे बड़ा प्रदेश आज सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक बन गया है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं। पहलाः इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है।दूसराः जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है।पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर सेमीकंडक्टर उद्योग का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत तेजी से तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नोएडा में एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का उद्घाटन किया गया है, जो देश को इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उद्घाटन समारोह के दौरान पीएम मोदी ने कहा, आज पूरा विश्व चिंतित है, पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई देशों में खाने-पीने का सामान, पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद जैसी कई जरूरी चीजों का चारों तरफ संकट पैदा हो गया है।हर देश इस संकट का सामना करने की कोशिश कर रहा है, और हमारा भारत भी पूरी शक्ति से इसका मुकाबला कर रहा है।

### पहले चरण में 10 हजार करोड़ का खर्च

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले चरण की शुरूआत है। इसके साथ ही एयरपोर्ट काम करने लगेगा। यह भारत के अत्याधुनिक एयरपोर्ट में से एक है और इसे कई चरणों में बनाया जाएगा। आइए जानते हैं कि इस एयरपोर्ट की इतनी चर्चा क्यों है और इसकी खासियत क्या है। जेवर एयरपोर्ट भारत के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में से एक है। ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का अर्थ होता है कि इसका निर्माण एक ऐसी जमीन पर किया गया है, जहां पहले कोई निर्माण नहीं था। इसकी डिजाइन पूरी तरह से नई है और इसे विस्तार देना भी बहुत आसान होगा। जेवर एयरपोर्ट का निर्माण उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में लगभग 1300 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र में किया गया है। नोएडा एयरपोर्ट की क्षमता पहले चरण में 1.2 करोड़ वार्षिक की है, जिसे भविष्य में 7 करोड़ तक करने का लक्ष्य है। इस एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खासियत इसकी विशाल क्षमता ही है। यह एयरपोर्ट चरणबद्ध तरीके से विकसित होगा और आने वाले वर्षों में भारत का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक हो सकता है। नोएडा एयरपोर्ट में मल्टी रनवे बनेंगे. शुरूआत में एक रनवे बनाया गया है जो लगभग 3900 मीटर का है। बड़े विमानों के हिसाब से रनवे को इतना बड़ा बनाया गया है। आने वाले वर्षों में यहां 5 रनवे बनाए जाएंगे। जो अमूमन बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में ही होते हैं।

# 2.3 करोड़ रुपये के सोने के साथ तेलंगाना हॉकी के प्रमुख गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



तेलंगाना हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष कोंडा विजय कुमार को बंगारू बाबू और गोल्डमैन के नाम से जाना जाता है, दिल्ली एयरपोर्ट पर इनकम टैक्स अधिकारियों के हत्थे चढ़ गए। वे लगभग 2 किलो सोने के गहनों के साथ यात्रा कर रहे थे। पूछताछ में सोर्स ऑफ फंड्स नहीं बता पाने पर 1.4 किलो सोने के गहने करीब 2.3 करोड़ रुपये मूल्य के जब्त कर लिए गए। विजय कुमार हैदराबाद से दिल्ली जा रहे थे, जहां वे एक स्पोर्ट्स इवेंट में शामिल होने वाले थे। उन्होंने सोना पहना हुआ था, जिसे सीआईएसएफ कर्मियों की मदद से रोका गया। वे तेलंगाना ओलंपिक एसोसिएशन के सदस्य भी हैं।घटना गुरुवार शाम की है। दिल्ली पहुंचने पर इनकम टैक्स टीम ने उन्हें रोका और लंबे समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने उनके एसेट्स की डिटेल्स लीं और फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की जांच की। टैक्स कंप्लायंस प्रोब के तहत यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, वे करीब 2 किलो सोना लेकर चल रहे थे, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर 1.4 किलो जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सोर्स ऑफ फंड्स स्पष्ट न बताने के कारण ही जब्ती हुई। जांच पूरी होने और टैक्स असेसमेंट के बाद जब्त सोने का अंतिम फैसला होगा।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्र सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से आम आदमी को वास्तविक रूप से कोई खास फायदा नहीं मिलने वाला है। अल्वी के अनुसार सरकार भले ही टैक्स में कमी का दावा कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर बहुत सीमित रहता है क्योंकि तेल कंपनियां और राज्य सरकारों के टैक्स मिलाकर उपभोक्ताओं को मिलने वाली राहत काफी कम हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम केवल जनता को दिखाने के लिए उठाया गया है, जबकि महंगाई के दबाव से आम लोगों को राहत देने के लिए ठोस और व्यापक उपायों की जरूरत है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता ने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने आम नागरिक की जेब पर भारी बोझ डाला है, जिससे परिवहन लागत बढ़ी है और इसका सीधा असर खाद्य पदार्थों समेत रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ा है। राशिद अल्वी ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब सरकार ने टैक्स बढ़ाकर जनता से अधिक वसूली की, और अब जब मामूली कटौती की जा रही है तो उसे बड़ी राहत के रूप में पेश किया जा रहा है।






## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच यादों, सम्मान और सामाजिक संदेशों ने बनाया कार्यक्रम को खास

# नन्हें कदमों से बड़े सपनों तक : धूमधाम से संपन्न हुआ राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल का 13वां वार्षिकोत्सव















**मंच पर चमकी प्रतिभा, भावनाओं से भरा रहा वार्षिकोत्सव**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव इस बार सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं, प्रतिभा और प्रेरणा का जीवंत संगम बन गया। शनिवार को आयोजित इस भव्य आयोजन में बच्चों की प्रस्तुतियों ने जहां दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं विद्यालय की यात्रा और उससे जुड़ी यादों ने माहौल को भावुक भी कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शुभारंभ डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार, विद्यालय के निदेशक ब्रह्मा ठाकुर, एमडी सिद्धार्थ ठाकुर आदि ने किया। वही एसडीपीओ पोलस्त कुमार भी वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी ने आयोजन की गरिमा बढ़ा दी। इसके बाद जैसे ही मंच पर नन्हे बच्चों ने कदम रखा, पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। छोटे-छोटे कलाकारों का आत्मविश्वास और ऊर्जा दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का असली रंग तब नजर आया जब एक के बाद एक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। देशभक्ति गीतों पर झूमते बच्चों ने जहां दिलों में जोश भरा, वहीं सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों ने सोचने पर मजबूर कर दिया। खासतौर पर मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर प्रस्तुत नाटक ने अभिभावकों और छात्रों दोनों को एक अहम संदेश दिया कि तकनीक का सही उपयोग ही जीवन को बेहतर बना सकता है।

इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ने स्कूल की स्थापना की कहानी साझा करते हुए उन मूल्यों को याद किया, जिनके आधार पर इस संस्थान की नींव रखी गई थी। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय सिर्फ पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि एक सोच और उद्देश्य का परिणाम है। अपने एक साथी के असामयिक निधन को याद करते हुए उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि उनके सपनों को आगे बढ़ाना ही अब विद्यालय परिवार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा को सम्मान भी मिला। मेधावी छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। ह्यबेस्ट परफॉर्मरह्ण, ह्यबेस्ट स्टूडेंटह्ण और ह्यबेस्ट आउटगोइंग स्टूडेंटह्ण जैसे पुरस्कारों ने बच्चों के चेहरों पर खुशी और गर्व दोनों झलकाए।

विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि उनकी असली ताकत सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और शिक्षकों की मजबूत टीम है। यही तत्व छात्रों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ, लेकिन इसके साथ ही सभी के मन में एक यादगार अनुभव भी रह गया। यह वार्षिकोत्सव यह संदेश देने में सफल रहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कार, संवेदना और सामाजिक जागरूकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

# मनोविज्ञान विभाग में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**केटी न्यूज/बक्सर**

महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के तत्वावधान में स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. सुजित कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. योगर्षि राजपूत (सहायक प्राध्यापक सह एनसीसी पदाधिकारी), डॉ. जय प्रकाश मिश्र, डॉ. इसरार आलम, डॉ. अशोक कुमार यादव तथा डॉ. सीमा कुमारी की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के दौरान एनसीसी कैडेट्स की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतिभागियों के सहयोग और कार्यक्रम के सफल संचालन में उनकी भागीदारी अहम रही।

विभागाध्यक्ष डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए किया गया।




# एमवी कॉलेज में कदाचार मुक्त बीएड परीक्षा के लिए सख्त तैयारी



**सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी कर्मियों का बैठक संपन्न**

**केटी न्यूज/बक्सर**

महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर में बीएड प्रथम वर्ष परीक्षा 2026 (सत्र 2025-27) को निष्पक्ष और कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णा कान्त सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विरेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों की सघन जांच होगी, जिससे कोई भी छात्र-छात्रा प्रवेश पत्र के अलावा अन्य सामग्री अंदर न ले जा सके। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, थैला या किसी भी प्रकार का कागज ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णा कान्त सिंह ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिकता परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराना है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी केंद्राधीक्षक व वीक्षक पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। साथ ही परीक्षा केंद्र में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और फोटोग्राफी पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से भी सहयोग मांगा गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को पत्र भेजा गया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर परीक्षा को सफल, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने का संकल्प लिया।






# 6 से 17 अप्रैल तक प्रगणक व पर्यवेक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण, 17 अप्रैल से शुरू होगा स्व-गणना पोर्टल



**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए दो मई से 31 मई तक चलने वाले मकान गणना अभियान को लेकर फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मियों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में जिले के 11 प्रखंडों एवं 5 नगर निकायों के चार्ज स्तर पर नामित कुल 72 फील्ड प्रशिक्षकों को जिला स्तर पर दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 23 से 25 मार्च तथा 26 से 28 मार्च तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अरविंद कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए बक्सर एवं हेमंत कुमार चौबे, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, इटाढ़ी द्वारा फील्ड प्रशिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण और गणना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को फील्ड प्रशिक्षकों तक स्पष्ट रूप से पहुंचाना था, ताकि वे आगे प्रगणकों (गणना कर्मियों) और पर्यवेक्षकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार पटना द्वारा जर्नादन प्रसाद राय को प्रतिनियुक्त किया गया था। उनके निर्देशन में प्रशिक्षण सत्र सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुआ। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला जनगणना कोषांग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान अपर समाहर्ता सह जिला जनगणना पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने फील्ड प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षकों द्वारा दी गई जानकारी से वे संतुष्ट नजर आए और उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी चरणों में भी कार्य सुचारु रूप से संपन्न होगा।

फील्ड प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के बाद अब अगला चरण प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का है। यह प्रशिक्षण चार्ज स्तर पर 6 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अधिकतम चार बैच में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा, ताकि सभी संबंधित कर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा सके।

जनगणना प्रक्रिया को और अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इस बार स्व-गणना की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसके तहत 17 अप्रैल से नागरिकों के लिए स्व-गणना पोर्टल प्रारंभ किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक स्वयं अपने परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना की यह प्रक्रिया 1 मई तक जारी रहेगी।

प्रशासन का मानना है कि स्व-गणना की सुविधा से लोगों की भागीदारी बढ़ेगी और आंकड़ों की सटीकता में भी सुधार होगा। साथ ही इससे गणना कर्मियों पर कार्य का दबाव भी कम होगा।

जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-गणना पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि जिले के विकास की योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो

# बक्सर में रसोई गैस की कोई कमी नहीं, 14 दिनों में 74 हजार से अधिक सिलेंडर वितरित

- **ऑनलाइन बुकिंग को बढ़ावा, कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त; 24 घंटे सक्रिय नियंत्रण कक्ष में आई 443 शिकायतें**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह सामान्य और संतोषजनक बताई है। अधिकारियों के अनुसार इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अंतर्गत संचालित कुल 27 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगातार गैस की आपूर्ति की जा रही है। बीते 13 से 27 मार्च के बीच कुल 74,161 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि वर्तमान में एजेंसियों के पास 4,267 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। ऐसे में लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं, बल्कि ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा का लाभ उठाएं और घर बैठे गैस प्राप्त करें।

ऑनलाइन बुकिंग को आसान बनाने के लिए विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। उपभोक्ता व्हाट्सएप, मिस्ड कॉल और आईवीआरएस के जरिए अपनी गैस बुकिंग कर सकते हैं। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि एजेंसियों पर भीड़ भी कम होगी और वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहेगी।

गैस वितरण प्रणाली को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रशासन ने बुकिंग के नियम भी निर्धारित किए हैं। शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को अंतिम डिलीवरी के 25 दिनों बाद और ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को 45 दिनों के बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग की अनुमति दी गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इधर, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिले के वरीय अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों और आपूर्ति विभाग की टीमों द्वारा लगातार गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। अब तक यहां कुल 443 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 392 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। शेष शिकायतों पर भी कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के लिए वे सीधे जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 06183-223333 पर संपर्क करें। साथ ही यह भी कहा गया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही गैस की बुकिंग करें।

कुल मिलाकर जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि हर उपभोक्ता तक समय पर और पारदर्शी तरीके से एलपीजी गैस पहुंचे।

# चौसा में अवैध हथियार संग पकड़े गए दो नाबालिग



- **हथियार सहित गिरफ्तार सरगना फरार, पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी**

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा क्षेत्र में अवैध हथियारों के बढ़ते नेटवर्क पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश किया है। मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पवनी गांव में छापेमारी कर दो नाबालिगों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरोह का मुख्य सरगना पुलिस के पहुंचने से पहले ही मौके से फरार होने में सफल रहा, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को इनपुट मिला था कि पवनी गांव में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए रणनीतिक तरीके से इलाके की घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान दो नाबालिगों को रंगे हाथ दबोच लिया गया। तलाशी में उनके पास से एक देशी कट्टा और एक देशी पिस्तौल बरामद किया गया, जो इस बात का संकेत है कि गिरोह का नेटवर्क संगठित और सक्रिय है।

इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर नाबालिगों की संलिप्तता को लेकर। इतनी कम उम्र में हथियारों के कारोबार में शामिल होना समाज के लिए चिंताजनक संकेत है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन किशोरों को इस धंधे में किसने और कैसे शामिल किया।

थाना प्रभारी शम्भू भगत ने बताया कि सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में दो नाबालिगों को हथियार के साथ पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि दोनों से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क के विस्तार का खुलासा हो सके। गिरफ्तार नाबालिगों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की प्रक्रिया पूरी की गई है।

वहीं, फरार मुख्य आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस की सक्रियता से लोगों में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ा है।

# कोरम के अभाव में नहीं हो सकी पंचायत समिति की बैठक




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड में पंचायत समिति की बैठक एक बार फिर जनप्रतिनिधियों की कम उपस्थिति के कारण चर्चा का विषय बन गई। शनिवार को प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को आवश्यक कोरम पूरा नहीं होने के चलते स्थगित करना पड़ा। इस घटना ने स्थानीय प्रशासनिक बैठकों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, पंचायत समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 21 सदस्यों में से केवल 11 बीडीसी ही उपस्थित हो सके। वहीं, प्रखंड के 14 पंचायतों के मुखियाओं में से मात्र तीन मुखिया ही बैठक में शामिल हुए। इनमें मठिला पंचायत के देवेंद्र सिंह और लाखनडीहरा पंचायत के मुखलाल मोहतो की उपस्थिति प्रमुख रही। बैठक के संचालन के लिए नियमानुसार कम से कम 18 सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक होती है, लेकिन यह संख्या पूरी नहीं हो सकी।

बैठक में विकास योजनाओं, स्थानीय समस्याओं और विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की जानी थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के कारण इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं हो सकी। इससे क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संदीप कुमार ने बताया कि कोरम के अभाव में बैठक को स्थगित करना अनिवार्य हो गया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक 2 अप्रैल को पुनः आयोजित की जाएगी और सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठने लगा है कि आखिर महत्वपूर्ण बैठकों में जनप्रतिनिधियों की रुचि क्यों कम हो रही है, जबकि इन बैठकों में लिए गए निर्णय सीधे तौर पर क्षेत्र के विकास से जुड़े होते हैं।

# किशोरियों के स्वास्थ्य की नई पहल: डुमरांव में गार्डसिल टीकाकरण अभियान हुआ शुरू

- **14, 15 वर्ष की बालिकाओं को मिलेगा गर्भाशय कैंसर से बचाव, आधार के जरिए होगा पंजीकरण**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने के उद्देश्य से डुमरांव प्रखंड में गार्डसिल टीकाकरण अभियान की औपचारिक शुरूआत कर दी गई है। इसको लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान की रूपरेखा और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर.बी. प्रसाद ने बताया कि यह टीकाकरण कार्यक्रम विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। वर्ष 2011 और 2012 में जन्मी बालिकाएं इस अभियान के तहत पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि गार्डसिल वैक्सीन अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेज स्तर तक उपलब्ध है, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

टीकाकरण के लिए लाभार्थियों को अपने आधार कार्ड के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराना होगा। आधार के माध्यम से ही ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और सही पहचान सुनिश्चित हो सके।

डॉ. प्रसाद ने जानकारी दी कि गार्डसिल एक प्रभावी वैक्सीन है, जो ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के कई खतरनाक प्रकारों से सुरक्षा प्रदान करती है। यह वायरस सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इसके अलावा यह जननांग मस्से, योनि और गुदा संबंधी संक्रमण जैसी समस्याओं के लिए भी जिम्मेदार माना जाता है। महिलाओं में बढ़ रहे गर्भाशय कैंसर का खतरा भी इस टीका से समाप्त हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस वैक्सीन से लगभग 95 प्रतिशत तक सुरक्षा संभव है, जो किशोरियों के भविष्य के स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बच्चियों को समय पर टीकाकरण के लिए जरूर लेकर आएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें। यह कदम महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## एक नजर

### बायोमैट्रिक रिपोर्ट में लापरवाही पर सख्त डीएम, कई अंचल व प्रखंडों से मांगा स्पष्टीकरण




**बक्सर।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में प्रधान लिपिकों एवं नाजिरों की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया गया। बैठक की शुरूआत बायोमैट्रिक अटेंडेंस की समीक्षा से हुई, जिसमें कई अंचल और प्रखंड कार्यालयों द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने का मामला सामने आया। जिलाधिकारी ने अंचल कार्यालय डुमरांव, सिमरी, नावानगर, चक्की, केसठ एवं चौगाई से रिपोर्ट नहीं मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं प्रखंड कार्यालय केसठ, बक्सर, सिमरी, डुमरांव, चक्की, इटाढ़ी एवं चौसा द्वारा भी रिपोर्ट नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जवाब मांगा गया।

बैठक में उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित रहने पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के लिपिक से भी स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अधीनस्थ कर्मियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।

जिलाधिकारी ने कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए सभी प्रधान लिपिकों को पंजियों, फाइलों और अभिलेखों के बेहतर संधारण का निर्देश दिया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सभी पत्रों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर हो तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निपटारा किया जाए।

सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए डीएम ने संबंधित प्रतिवेदनों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। सेवांत लाभ से जुड़े मामलों पर भी गंभीरता दिखाते हुए कहा गया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों की संचिकाएं समय पर अद्यतन हों और एक सप्ताह के भीतर लाभों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन की स्थिति पर दो दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। डीएम ने स्पष्ट किया कि रोकड़ पंजी का संधारण भी नियमानुसार किया जाए, ताकि वित्तीय पारदर्शिता बनी रहे।

### मुरार थाने का सर्किल इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर दिया जोर



**चौगाई।** मुरार थाना में शनिवार को प्रशासनिक सक्रियता उस समय देखने को मिली जब सर्किल इंस्पेक्टर (सीआई) अरविंद कुमार ने औचक निरीक्षण कर थाना व्यवस्था का व्यापक जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ लंबित कांडों की स्थिति की समीक्षा की, बल्कि थाना संचालन के हर पहलू को परखते हुए सुधार के स्पष्ट निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान सीआई ने थानाध्यक्ष नेहा कुमारी से विभिन्न मामलों की जानकारी लेते हुए अभिलेखों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। केस डायरी, जब्ती सूची, मालखाना रजिस्टर और आगंतुक पंजी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेख अद्यतन और सुव्यवस्थित रहें, ताकि किसी भी स्तर पर कार्रवाई में देरी न हो।

लंबित कांडों को लेकर उन्होंने विशेष सख्ती दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि हर मामले की प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए और जांच प्रक्रिया में गुणवत्ता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए सीआई ने साफ-सफाई, ड्यूटी प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन प्रणाली का भी मूल्यांकन किया। उन्होंने परिसर में स्वच्छता को प्राथमिकता देने तथा आगंतुकों के लिए बेहतर बैठने और सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विधि-व्यवस्था को लेकर उन्होंने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने और गश्ती व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

निरीक्षण के अंत में सीआई अरविंद कुमार ने टीम भावना और आपसी समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बेहतर तालमेल से ही कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिए गए निदेर्शों के पालन से थाना की कार्यप्रणाली में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

### लू से जंग के लिए बक्सर तैयार: डीएम ने विभागों को दिए सख्त निर्देश

**बक्सर।** जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में हीट वेव से बचाव को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि लू से जनहानि रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर विकास एवं आवास विभाग को शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर पियाऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लू से बचाव संबंधी सूचनाएं कलर कोडिंग के साथ प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। खराब चापाकलों की युद्धस्तर पर मरम्मत और स्लम क्षेत्रों में पेयजल व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों में लू प्रभावित मरीजों के इलाज हेतु विशेष व्यवस्था करने, ओआरएस, आईवी फ्लूड और जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा जरूरत पड़ने पर आइसोलेशन वार्ड और शीतल कक्ष तैयार रखने का निर्देश दिया गया। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को खराब चापाकलों की मरम्मत और पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही भूगर्भ जल स्तर की लगातार निगरानी पर बल दिया गया।

शिक्षा विभाग को स्कूलों को सुबह की पाली में संचालित करने, पेयजल और ओआरएस की व्यवस्था तथा छात्रों को हीट वेव से बचाव की जानकारी देने के निर्देश मिले। आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पेयजल, पंखा और जागरूकता सामग्री अनिवार्य करने को कहा गया।

मनरेगा कार्यों का समय बदलते हुए सुबह 6 से 11 बजे और शाम 3:30 से 6:30 बजे तक निर्धारित किया गया। श्रम विभाग को भी इसी समय-सारणी के पालन और मजदूरों के लिए छाया, पानी व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

# संत एस एन ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित




**केटी न्यूज। रोहतास**

शनिवार को बिक्रमगंज नगर के डुमरांव रोड स्थित संत एस एन ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । परिणाम जारी होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। छात्र-छात्राएं अपने-अपने परिणाम को लेकर उत्साहित दिखे,वहीं अभिभावकों के चेहरों पर भी संतोष और गर्व साफ झलक रहा था । विद्यालय परिसर में बच्चों की भीड़,एक-दूसरे को बधाई देते हुए छात्र और शिक्षकों से आशीर्वाद लेते अभिभावक इन सबने माहौल को उत्सव में बदल दिया । कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जिससे पूरे स्कूल परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय के निदेशक प्रकाश आनंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रिजल्ट सिर्फ अंकों का नहीं,बल्कि आपकी मेहनत,लगन और आत्मविश्वास का आईना होता है। जीवन में वही आगे बढ़ता है जो हर परिस्थिति में सीखता रहता है और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है। असफलता से डरने की नहीं,बल्कि उससे सीखकर और मजबूत बनने की जरूरत है। निदेशक प्रकाश आनंद ने विद्यालय के कक्षा नौवीं के छात्र शुभराज पांडेय को रिजल्ट देते हुए आगे बढ़ने का टिप्स दिए । वहीं प्राचार्या पूनम राय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर बच्चे में अपार संभावनाएं छिपी होती हैं । जरूरत है सही दिशा,समय प्रबंधन और नियमित अभ्यास की । जो विद्यार्थी आज से ही अपने लक्ष्य तय कर मेहनत शुरू कर देते हैं,वही कल शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहद संतोषजनक रहा और अधिकांश विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया । इस तरह संत एस एन ग्लोबल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम न केवल विद्यार्थियों के लिए उपलब्धि का क्षण बना,बल्कि उन्हें भविष्य में सफलता के नए आयाम छूने के लिए प्रेरित भी कर गया ।

# डिप्टी सीएम ने दी सख्त चेतावनी, कहा- अधिकारियों को धमकाने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई, जाएंगे जेल



### इन धाराओं में होगी कार्रवाई

प्रधान सचिव ने निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में भारतीय न्याय संहिता (इठर), 2023 की धारा 132, 351, 352, 126, 127, 349, 350 और 195 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके साथ ही आईटी एक्ट, 2000 की धारा 67 के तहत भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### बढ़ते दवाब के आगे झुके अधिकारी

सरकारी सख्ती के बाद हड़ताल कर रहे अधिकारियों के बीच दबाव बढ़ने लगा है। विभागीय का कहना है कि अब तक 24 अधिकारी काम पर लौट चुके हैं। पहले ही गैर-हड़ताली अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर कामकाज जारी रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई करें और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट विभाग को भेजें।

**एजेंसी। पटना**

उप मुख्यमंत्री सह मंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने वैसे लोगों को सख्त चेतावनी दी है, जो उनके अधिकारियों को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था से कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काम पर लौटे ईमानदार अधिकारियों को धमकाना न केवल कायरता है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार स्पष्ट कर देना चाहती है कि जो लोग डर और दबाव के जरिए राजस्व व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें जेल भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। जो अधिकारी सरकार के साथ आए हैं उनको सुरक्षा और सम्मान देने की हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जो इस्तीफा देकर चुनाव लड़े हैं, वे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके भी कार्यों की जांच कराई जाएगी। सरकार पूरी नजर बनाए हुए है। गंभीर आरोप वाले किसी भी हाल में नहीं बचेंगे। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल का कहना है कि विभाग को शिकायत मिली है कि हड़ताल पर गए कुछ अधिकारी, काम कर रहे अपने सहयोगियों को व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमका रहे हैं और सोशल मीडिया पर ह्यनेमिंग एंड शेमिंगह्ल कर मानसिक दबाव बना रहे हैं। विभाग का मानना है कि यह काम सरकारी कार्य में बाधा डालना है। इसलिए वैसे लोग सचेत हो जाएँ। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश जारी करते हुए कहा है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि काम पर लौटे अधिकारियों को धमकाने या बाधा पहुंचाने वाले किसी भी संघ नेता या पदाधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए।

# बिक्रमगंज : नहर में मछली पकड़ रहें लोगों को मिला नर मुंड, डर से भागे

- सूचना मिलते ही जिला एफएसएल टीम ने किया त्वरित निरीक्षण
- प्रशासन की मदद से नर मुंड को भेजा गया जांच के लिए



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के नए अनुमंडल मुख्यालय समीप धावां नहर पुल में एक नर मुंड मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद लोगों में तरह तरह की चचाएं शुरू हो गई। दूसरी तरफ पत्रकार द्वारा इसकी खबर वायरल वीडियो सूचना पाकर एफ एस एल की टीम पुलिस प्रशासन के साथ वहां पहुंच कर छानबीन की। बताया कि यह कंकाल बहुत पुरानी है। आपको बता दें कि कुछ युवक नहर पुल का पानी निकाल कर मछली पकड़ रहे थे। जहां नहर पुल में मछली पकड़ने के लिए पानी निकालने के क्रम में नहर में मानव नर मुंड दिखा। जिसे देखकर मछली मारने वाले युवक भाग खड़े हुए। जिसके बाद इसकी सूचना पत्रकार सहित अन्य लोगों को दी। जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को मिलते ही त्वरित संज्ञान लिया।

जिसके बाद थानाध्यक्ष ललन कुमार ने इसकी सूचना रोहतास एफएसएल की टीम को दी।

जिसके कुछ घंटे बाद ही थानाध्यक्ष ललन कुमार एफएसएल जांच टीम के साथ नहर पुल में उतर घटना स्थल पर पहुंचे। जहां टीम ने निरीक्षण करते हुए इसका अवलोकन किया। दूसरी तरफ इस संदर्भ में एफएसएल टीम अधिकारी ने बताया कि नर मुंड को देखने से यह प्रतीत हुआ कि यह नर मुंड कई वर्षो पुराना है। इससे बावजूद भी स्थानीय प्रशासन की मदद से इसे जिला मुख्यालय के लैब में इस नर मुंड का हरसंभव जांच का प्रयास किया जायेगा।

# रामनवमी पर्व शोभायात्रा को शांतिपूर्ण आयोजन के लिए फ्लैग मार्च

**केटी न्यूज/नवादा**

रामनवमी पर्व के अवसर पर 29 मार्च को निकाले जाने वाले शोभायात्रा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान के संयुक्त नेतृत्व में समाहरणालय,नवादा परिसर से फ्लैग मार्च का शुभारंभ किया गया। यह फ्लैग मार्च समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर मेन रोड,अंसार नगर होते हुए मस्तानगंज तक गया। तत्पश्चात मस्तानगंज से सद्भावना चौक, शोभिया, गोंदापुर होते हुए बड़ी दरगाह, भगत सिंह चौक, संकटमोचन सहित अन्य संवेदनशील एवं प्रमुख स्थलों से होकर गुजरा।फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजनों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करना तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त संदेश देना था। अवसर पर जिला



पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांति का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पर्व को आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। साथ ही नगर परिषद, नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शोभा यात्रा में लगाए गए झंडे एवं पताकाएं जुलूस समाप्ति के 24 घंटे के भीतर हटाना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में अपर समाहर्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर,गोपनीय शाखा प्रभारी एसडीपीओ नवादा सदर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय,स्थापना प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, नवादा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नोखा : रामनवमी के शोभायात्रा में भक्तों की झांकियों ने मनमोहा

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर परिषद में रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर नोखा में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं,महिलाओं,युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा नगर भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। यह यात्रा नोखा स्टेशन रोड महावीर मंदिर से निकली, जहां श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए आगे बढ़े। यात्रा में शामिल सुंदर झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन झांकियों में भगवान श्रीराम के जन्म,ताड़का वध,वनवास, सीता हरण और लंका विजय जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया। भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की सजीव प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों और कलाकारों द्वारा निभाए गए किरदारों ने दर्शकों को प्रभावित किया। यात्रा के दौरान नगर वासी और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, प्रसाद और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर धुनें पूरे वातावरण में गूंज रही थीं। इस दौरान महिलाएं और युवा भक्तिमय गीतों पर झूमते दिखे। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एसडीपीओ-2 कुमार वैभव, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने मोर्चा संभाले रखा।

# फुटबॉल मैच के फाइनल भोजपुर ने पेनल्टी शूटआउट में औरंगाबाद को हराया

**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के सिकरहटा स्थित रामप्यारी स्मारक खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनोमेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। कड़े संघर्ष के बाद मैच का फैसला मैनाल्टी शूटआउट में हुआ, जिसमें भोजपुर की टीम ने औरंगाबाद को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। टूनामेंट का उद्घाटन आरएलएम पार्टी के प्रदेश महासचिव संतोष चंद्रवंशी,तरारी के जिला पार्षद सदस्य गिरीश नंदन तथा सिकरहटा पैक्स अध्यक्ष अवधेश लाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री दीपक




प्रकाश एवं स्थानीय विधायक विशाल प्रशांत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंत्री दीपक प्रकाश के आगमन पर टूनोमेंट के आयोजक सह अध्यक्ष एवं रालोमो के युवा जिला अध्यक्ष सुबोध केसरी ने अंगवस्त्र और फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान सुबोध केसरी की मांगों पर मंत्री ने सिकरहटा को प्रखंड का दर्जा दिलाने, यहां राज्य स्तरीय खेल मैदान के निर्माण तथा रामप्यारी स्मारक उच्च विद्यालय को सिमतुला के तर्ज पर विकसित करने का आश्वासन दिया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाली भोजपुर टीम के कप्तान धर्मेंद्र सिंह को मंत्री दीपक प्रकाश और विधायक विशाल प्रशांत ने विजेता शील्ड प्रदान की। वहीं उपविजेता औरंगाबाद टीम के कप्तान गुड्डू कुमार को भी सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर मंत्री दीपक प्रकाश ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह दर्शकों ने खेल में जात-पात से ऊपर उठकर प्रतिभा का सम्मान किया। अवसर पर संजय मेहता, रोहित कुशवाहा, नागेंद्र यादव, पूर्व जीप सदस्य शलेन्द्र कुमार सहित अनुज केसरी, साहिल कुमार, संत सिंह, बसीर आलम, अवधेश सिंह समेत तरारी प्रखंड के राजग के कई स्थानीय व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पेड़ लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**रोहतास।** शनिवार को दरिगांव थाना क्षेत्र के ताराचण्डी स्थित माँझर कुंड पहाड़ी पर भूतिया नाला के पास से एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। उसका शरीर सुडौल है तथा लंबाई करीब 5 फीट 8 इंच है। शव के अधिक समय तक पड़े रहने के कारण बॉडी डिकंपोज हो चुकी है, जिससे चेहरे की पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि शव की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है और गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया जा रहा है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों एवं आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना हो या इस हुलिया से कोई मेल खाता हो, तो तुरंत दरिगांव थाना को सूचित करें। विशेष रूप से बिहार एवं झारखंड के रोहतास जिले या आसपास के किसी भी थाना क्षेत्र में यदि इस संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो दरिगांव थाना से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है। पुलिस के अनुसार, आमजन के सहयोग से ही मृतक की पहचान संभव हो पाएगी और मामले की आगे की जांच तेज की जाएगी।

### गणित में 100 अंक लाकर सोनाली ने तिलौथू का किया नाम रोशन

**तिलौथू।** कहते हैं प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती,जिसे समय खुद उसे पहचान दिला देता है। इंटर परीक्षा परिणाम 2026 में तिलौथू की होनहार छात्रा सलोनी कुमारी ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन करते हुए साइंस संकाय में कुल 435 अंक प्राप्त किए हैं। इस सफलता में सलोनी ने गणित के 100 अंकों में 100 अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उसके प्रदर्शन की सराहना न केवल स्थानीय विद्यालयों बल्कि कोचिंग संस्थानों में भी की जा रही है। जो न्यू एरिया,तिलौथू निवासी एवं पिता हरिद्वार कुमार सोनी की पुत्री सलोनी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में भी 435 अंक प्राप्त किए थे और अब इंटर साइंस में भी वही अंक लाकर अपनी निरंतरता साबित की है। हालांकि उनका सपना बिहार टॉपर बनने का था, जो इस बार पूरा नहीं हो सका, लेकिन गणित में पूर्णांक प्राप्त कर उन्होंने पूरे बिहार में अपनी अलग पहचान बना ली है। इस उपलब्धि पर सत्येंद्र दुबे,शिक्षाविद ओम, सत्यानंद कुमार,हंसराज कुमार,मुखिया संजय चौधरी,उपमुखिया अमित गुप्ता, छोटी ओझा, बलराम यादव, डॉ.अशोक कुमार सिंह प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

### शोभायात्रा में जय श्री राम के जयघोष से आरा शहर हुआ भगवामय

**आरा।** रामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संतश्रीदेवराहा शिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में शनिवार को आरा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।इस भव्य शोभायात्रा की शुरूआत रामगिढा में भगवान श्रीराम और संतश्रीदेवराहा शिवनाथजी महाराज की महाआरती से हुई। महाआरती के बाद संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज ने रामगिढा में शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज श्रीधाम अयोध्या और आरा का एकीकरण हो गया है।आज श्री रामभक्तो के उमड़े हुए जनसैलाब को देखकर मुझे यह समझ ही नहीं आता कि मैं अयोध्या में हूं या फिर आरा में। इसके बाद जयश्रीराम के गगनभेदी उद्घोष के साथ यह भव्य शोभायात्रा रामगिढा से बडी चौक,गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, बडी मठिया, महादेवा,धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, रमना रोड, महावीर टोला, करमन टोला, नवादा, स्टेशन रोड, एसपी कोठी, ब्लॉक रोड, कतिरा, पकडी चौक, जज कोठी होते हुए रमना मैदान पहुंची। मौके पर गुड्डू सिंह बबुआन, शंभू प्रसाद चौरसिया,गोकुल सिंह, वीरेंद्र सिंह,सचिव सुधीर,रथ सजावट प्रमुख अनिल,अध्यक्ष सन्नी पांडे,नवीन प्रकाश ने शहर सजावट प्रमुख बादल जालान, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, झांकी प्रमुख शंभू सिंह सह प्रमुख हरिओम जी, आचार्य धर्मेन्द्र जी,अखंडानंदजी महाराज,अशोक तिवारी,हर्ष राज मंगलम, स्टार प्रचारक सरोज पांडेय, रोहित सिंह बजरंगी सहित समिति के अंग सदस्य थे। शोभायात्रा में बिहार सरकार के श्रम एवं संसाधन मंत्री संजय सिंह टाईगर, पूर्व विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,डुमरांव विधायक राहुल,संदेश विधायक राधाचरण सेठ ने बधाई दी।

### बीएड प्रथम सत्र परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी, बिना जांच नहीं मिलेगा प्रवेश

**आरा।** एसबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मीना कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।एस बी कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष परीक्षा, सत्र 2025-27 के सफल एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. मीना कुमारी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए।महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीतू देवी ने बताया कि परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी। बिना प्रवेश-पत्र के किसी को भी अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा और किसी भी प्रकार की अतिरिक्त सामग्री ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, थैला अथवा किसी प्रकार का कागज ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। इसके साथ ही किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश और फोटोग्राफी पर भी सख्त रोक रहेगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिकता परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में होगी परीक्षा। स्पष्ट किया कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बिहार इंटर बोर्ड में स्क्रूटिनी और विशेष परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**आरा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम जारी होने के बाद स्क्रूटिनी (उत्तरपुस्तिका पुनर्मूल्यांकन) और विशेष परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो छात्र अपने एक या अधिक विषयों के अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगी। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रति विषय 120 रुपये शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को लिंक पर क्लिक कर रोल कोड, रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। इसके बाद विषय चयन कर शुल्क का भुगतान करना होगा। बोर्ड के अनुसार,स्क्रूटिनी के दौरान कॉपियों में दिए गए अंकों का पुनर्मिलान, जोड़ में त्रुटि सुधार और छूटे हुए प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में अंकों में वृद्धि, कमी या कोई बदलाव नहीं भी हो सकता है।इसके अलावा,जो छात्र अधिकतम दो विषयों में फेल हैं,वे स्क्रूटिनी के साथ-साथ इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा 2026 के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यह अवसर छात्रों को अपने परिणाम सुधारने का एक और मौका प्रदान करता है।

### यूजी सेमेस्टर चार के परीक्षा फॉर्म दो अप्रैल तक भरे जाएंगे

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने अकादमिक कैलेंडर को पटरी पर बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में परीक्षा समिति से स्वीकृत कैलेंडर के अनुसार यूजी और पीजी समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं।

# पटना एयरपोर्ट से बड़ा बदलाव! मुंबई के लिए पहली सीधी फ्लाइट शुरू



## 4 साल बाद रात में फिर से उड़ान सेवा बहाल

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं में बड़ा विस्तार देखने को मिला है। पहली बार पटना से नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की गई है। इसके साथ ही लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद पटना एयरपोर्ट से देर रात और आधी रात के समय भी विमानों का परिचालन शुरू होने जा रहा है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने समर शेड्यूल जारी कर दिया है, जो 29 मार्च से 24 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। नए शेड्यूल के अनुसार 29 मार्च से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट पुणे से रात 2 बजे पटना पहुंचेगी और मात्र 55 मिनट के ठहराव के बाद 2:55 बजे पुणे के लिए वापस उड़ान भरेगी। इस तरह पटना एयरपोर्ट पर देर रात उड़ानों का एक बार फिर से संचालन शुरू होगा, जो पिछले कई वर्षों से बंद था।समर शेड्यूल में कुल 44 जोड़ी विमानों का परिचालन विभिन्न राज्यों से पटना आने-जाने के लिए किया जाएगा। इनमें सबसे अधिक 13 जोड़ी उड़ानें पटना और दिल्ली के बीच संचालित होंगी, जो इस रूट की सबसे व्यस्त हवाई सेवा को दर्शाता है। इसके अलावा हैदराबाद और पटना के बीच चार जोड़ी विमानों का परिचालन भी सुनिश्चित किया गया है, जिससे दक्षिण भारत से बिहार की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।इस शेड्यूल की सबसे बड़ी खासियत नवी मुंबई के लिए शुरू हुई नई सीधी उड़ान है। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 2043 नवी मुंबई से दोपहर 2:15 बजे पटना पहुंचेगी और पटना से दोपहर 2:50 बजे नवी मुंबई के लिए रवाना होगी। पिछले वर्ष महाराष्ट्र में नवी मुंबई एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ था और अब सीधे पटना से कनेक्टिविटी शुरू होने के बाद मुंबई, ठाणे और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले बिहारवासियों को बड़ा फायदा मिलेगा। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, समर शेड्यूल के तहत 43 जोड़ी विमान सुबह 7 बजे से रात 10:30 बजे तक सामान्य रूप से परिचालित होंगे। इस दौरान सुबह 7:35 बजे से रात 11:25 बजे तक उड़ानों की आवाजाही जारी रहेगी। वहीं, आधी रात के बाद यानी अगले दिन की सुबह तक लगभग 7 घंटे 45 मिनट के समय में केवल एक जोड़ी विमान का संचालन होगा। रात के समय केवल एक रूट पर उड़ान संचालन होने से एयरपोर्ट प्रबंधन पर आर्थिक और संचालन संबंधी दबाव भी बढ़ेगा।

# सीएम ने निमार्णाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

## नीतीश कुमार ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना शहर स्थित विभिन्न निमार्णाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराये जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क, जो बिहार गौरव पार्क के नाम से भी जाना जाता है, के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। पटना में बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जे०पी० गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा।देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जे०पी० गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में बिहार गौरव पार्क का निर्माण कराया जा है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों- आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित नये मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधायें उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित पुराने शवदाह गृह परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसको भी और बेहतर ढंग से बनायें। जो नया मुक्ति धाम बना है उसके साथ-साथ इस पुराने शवदाह गृह परिसर में भी सारी सुविधायें उपलब्ध करायें।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान के निकट बनाये जा रहे पटना हाट के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराये जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से बताया कि सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक सैरगाह की सुविधा होगी जिसमें यहां आनेवाले लोगों के लिये पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया, छतरीनुमा स्तंभ सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें, ताकि शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। सभ्यता द्वार बहुत अच्छा बना है।

## एक नजर

### चोरनिया कांड में बड़ा एक्शन: एसएचओ समेत पूरी टीम सस्पेंड, लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने की कार्रवाई

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में चर्चित चोरनिया कांड को लेकर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गायघाट के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजा सिंह समेत पूरी छापेमारी टीम को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई ग्रामीण एसपी राजेश कुमार की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई, जिसमें ऑपरेशन के दौरान गंभीर लापरवाही उजागर हुई। इस फैसले के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों के अनुसार छापेमारी के दौरान कई स्तरों पर चूक और जोखिम भरे निर्णय सामने आए, जिसके आधार पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। घटना 17-18 मार्च की रात की है, जब गायघाट थाना क्षेत्र के चोरनिया गांव में पुलिस टीम पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी। छापेमारी के दौरान हालात अचानक बिगड़ गए और स्थिति हिंसक हो गई थी। आरोप है कि पुलिस के पहुंचते ही आरोपियों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा कर लिया, जिसके बाद भीड़ ने पथराव, लाठी-डंडों और फायरिंग से पुलिस टीम पर हमला कर दिया था।सरकारी योजनाएं जानकारी स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस टीम को मौके से निकलने में भारी कठिनाई हुई। हालात को संभालने के लिए तत्कालीन थानाध्यक्ष को हवाई फायरिंग करनी पड़ी, जिसके बाद टीम किसी तरह वहां से निकल सकी। इस दौरान अफरा-तफरी में एक ग्रामीण जगतवीर राय की गोली लगने से मौत हो गई, जिससे मामला और गंभीर हो गया। घटना के बाद दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे सामने आए। ग्रामीणों ने पुलिस पर सीधे फायरिंग का आरोप लगाया, जबकि पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाने की बात कही। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम से साक्ष्य जुटाए गए और मजिस्ट्रेट की निगरानी में विशेष जांच शुरू की गई।

### तेज रफ्तार ट्रक ने दो दोस्तों को रौंदा, दर्दनाक हादसे में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**पटना।** आरा-छपरा फोरलेन पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है. दोनों दोस्त किसी काम से बाहर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को रौंद डाला. बिहार के आरा-छपरा फोरलेन पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार, कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर बाजार के पास एक बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। हादसे में संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी 22 वर्षीय संजू कुमार की मौत हो गई। वह पटना के फुलवारी स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था। घटना के बाद गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं, उसके दोस्त विकास कुमार (28 वर्ष), जो सारण (छपरा) जिला के अवतार नगर थाना क्षेत्र के नगरांव टोला का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोईलवर पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# दर्दनाक सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत, एक अब भी लापता, मेला देखकर लौट रहे थे घर

**एजेंसी। पटना**

मधेपुरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक युवक अब भी लापता है। घटना से पहले का एक फेसबुक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें चारों दोस्त मस्ती करते नजर आ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, चारों युवक ग्वालपाड़ा के नोहर से मेला देखकर मधेपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान देर रात ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत अरार घाट पुल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल को तोड़ते हुए नीचे पानी में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार का अधिकांश हिस्सा पानी में डूब गया।हादसे से करीब एक घंटे पहले चारों दोस्त सोशल मीडिया पर फेसबुक लाइव कर रहे थे। करीब तीन मिनट के इस वीडियो में वे भोजपुरी गानों पर झूमते और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में कई बार कार के स्पीडोमीटर पर भी फोकस किया गया, जिसमें गाड़ी की रफ्तार करीब 140 किलोमीटर प्रति घंटा दिखाई दे रही है। घटना के प्रत्यक्षदर्शी पान दुकानदार राजीव कुमार ने बताया कि रात में वे अपनी दुकान के अंदर सो रहे थे। तभी



अचानक तेज टक्कर और किसी चीज के गिरने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि दो बिजली के पोल और पास की एक दुकान क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। मोबाइल की रोशनी में नीचे झांकने पर कार पानी में गिरी हुई दिखाई दी, जिसमें केवल पिछला हिस्सा नजर आ रहा था। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पूरी रात स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत एवं बचाव कार्य चलता रहा। रात में ही कार के अंदर से दो शव बरामद कर लिए गए थे, जबकि तीसरा शव शनिवार सुबह करीब 7 बजे निकाला गया।फिलहाल चौथे युवक सागर कुमार की तलाश जारी है। मृतकों की पहचान घनश्याम कुमार (28), अंकित कुमार (26) और बसंत कुमार (23) के रूप में हुई है। घनश्याम कार चला रहा था और पेशे से ड्राइवर था। वह परिवार में इकलौता भाई था और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। अंकित कुमार बीएड और सीटीईटी पास कर चुके थे तथा शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते थे। वहीं बसंत कुमार बीएड द्वितीय वर्ष का छात्र था। चारों आपस में करीबी मित्र थे और साथ में मेला घूमकर लौट रहे थे। इस हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन ली हैं, जबकि एक परिवार अब भी अपने बेटे के मिलने की उम्मीद में इंतजार कर रहा है। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# नीट छात्रा केस में बड़ा ट्विस्ट! 20 दिन की चुप्पी के बाद सीबीआई पर कोर्ट सख्त, अब दिल्ली से होगी मॉनिटरिंग

**एजेंसी। पटना**

बिहार के चर्चित नीट छात्रा मौत मामले में अब और सख्ती बढ़ा दी गई है। जहानाबाद की रहने वाली नाबालिग छात्रा की पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में हुई संदिग्ध मौत के मामले की निगरानी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (उइक) दिल्ली ने अपने हाथ में ले ली है। ताजा जानकारी के अनुसार, सीबीआई की एंटी करप्शन ब्यूरो दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारी पटना में कैंप कर पूरी जांच प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं। सूत्रों की मानें तो यह फैसला तब लिया गया, जब पटना सिविल कोर्ट के पॉक्सो कोर्ट ने जांच की धीमी रफ्तार और गंभीरता को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट की फटकार के बाद ही दिल्ली मुख्यालय के अधिकारियों को सक्रिय किया गया, ताकि जांच में तेजी लाई जा सके और किसी भी तरह की लापरवाही से बचा जा सके। फिलहाल मामले में हत्या के प्रयास और पॉक्सो एक्ट को मुख्य आधार बनाकर जांच आगे बढ़ रही है। कोर्ट ने इस पूरे मामले में सीबीआई को 30 मार्च तक अद्यतन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। हालांकि, जांच की मूल संरचना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। केस की जांच अधिकारी (आईओ) के तौर पर विभा कुमारी ही बनी हुई हैं और उनकी टीम ही जांच को आगे बढ़ा रही है। इससे पहले इस केस की जांच एएसपी पवन श्रीवास्तव को सौंपी गई थी, लेकिन बाद में जिम्मेदारी विभा कुमारी को दे दी गई। गौरतलब है कि शुरूआत में इस मामले की जांच बिहार पुलिस कर रही थी, लेकिन बढ़ते दबाव और विरोध के बाद केस को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बावजूद जांच की दिशा को लेकर लगातार सवाल उठते रहे। यहां तक कि कोर्ट ने भी पूछा कि शुरूआती 20 दिनों तक सीबीआई इस मामले में सक्रिय क्यों नहीं दिखी। छात्रा की मौत को लेकर जांच एजेंसी अब हत्या और यौन उत्पीड़न दोनों पहलुओं पर गहराई से पड़ताल कर रही है। खास बात यह रही कि शुरूआत में पॉक्सो एक्ट नहीं लगाया गया था, जिस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। इसके बाद ही इस गंभीर धारा को केस में जोड़ा गया। इस मामले में पीड़ित परिवार भी जांच से संतुष्ट नजर नहीं आ रहा है। परिजनों ने सीबीआई पर ही सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि जांच सही दिशा में नहीं हो रही और उन्हें ही टारगेट किया जा रहा है। परिवार के वकील ने भी जांच एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। हालात ऐसे बने कि पूछताछ के दौरान छात्रा के मामा बीच में ही सीबीआई दफ्तर छोड़कर चले गए।

# दरभंगा में एम्स निर्माण को मिली रफ्तार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर बढ़ा बिहार: मंगल पांडेय

**एजेंसी। पटना**

केंद्र सरकार ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए संशोधित अनुमानित लागत 2006.07 करोड़ रुपये मंजूर की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य ढांचा मजबूत होगा और लोगों को बेहतर इलाज सुविधा मिलेगी। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने दरभंगा शोभन बाईपास के समीप बन रहे बिहार के दूसरे एम्स निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए संशोधित अनुमानित लागत राशि की मंजूरी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा जी का आभार प्रकट किया है। मंगल पांडेय ने कहा कि इस घोषणा के बाद एम्स निर्माण कार्य में और तेजी आयेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के अंदर स्वास्थ्य सेवाएं लगातार सुदृढ़ हुई हैं । पहले केंद्र सरकार ने एम्स निर्माण के लिए मंजूरी दी थी। जो बिहार वासियों के लिए एक बड़ी सौगात थी। अब निर्माण कार्य के लिए संशोधित अनुमानित लागत राशि दिया जाना स्वागत योग्य है। अब एम्स निर्माण




की कुल लागत राशि 2006.07 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा जी द्वारा दिए गए दरभंगा एम्स सौगात से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आने वाला है। वही मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य में स्वास्थ्य संरचना का लगातार विस्तार हो रहा है, जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ इलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स निर्माण होने से आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए ये रोजगार सृजन का एक बड़ा माध्यम बनेगा। वहीं राज्य की आर्थिक समृद्धि में भी बहुमूल्य योगदान मिलेगा। जिससे स्वस्थ और विकसित बिहार बनने में काफी मदद मिलेगी। दरभंगा में एम्स निर्माण किया जाना आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की बिहार के प्रति एक समर्पण भाव को दर्शाता है।

# बिहार में आंधी-बारिश का तांडव! 34 जिलों में तबाही, 70 किमी/घंटा हवा से फसलें बर्बाद



**एजेंसी। पटना**

बिहार के पटना समेत 34 जिलों में शुक्रवार शाम से देर रात तक तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं के साथ कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। बिहार में मौसम ने एक बार फिर कहर बरपाया है। शुक्रवार की शाम से लेकर देर रात तक राज्य के 34 जिलों में तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। पटना समेत गया, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, वैशाली, भागलपुर, दरभंगा और समस्तीपुर जैसे कई जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे व्यापक स्तर पर नुकसान की खबरें सामने आई हैं।मौसम विभाग के अनुसार, अचानक बदले मौसम के कारण कई इलाकों में गरज-तड़क के साथ भारी बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। देर रात करीब 10 बजे के बाद कई जिलों में आंधी का असर और अधिक बढ़ गया, जिससे पेड़ गिरने, बिजली के खंभे टूटने और सड़कों पर अवरोध की स्थिति बन गई।सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को हुआ है। खेतों में तैयार खड़ी फसलें, खासकर गेहूं, मक्का और सब्जियों की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। कई जगहों पर किसानों ने बताया कि तेज हवाओं और ओलावृष्टि के कारण उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। इससे किसानों में भारी चिंता और निराशा का माहौल है।सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को हुआ है। खेतों में तैयार खड़ी फसलें, खासकर गेहूं, मक्का और सब्जियों की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। कई जगहों पर किसानों ने बताया कि तेज हवाओं और ओलावृष्टि के कारण उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। इससे किसानों में भारी चिंता और निराशा का माहौल है।

### फीडरों पर बैनर-पोस्टर और पेड़ की डाली गिरी

पटना में शुक्रवार की रात तेज आंधी और बारिश के बीच बिजली आपूर्ति चरमरा गई। 33 केवी के छह फीडर और 11 केवी के दर्जनों फीडर ब्रेकडाउन कर गए। इन फीडरों पर बैनर-पोस्टर और पेड़ की डाली टूटकर गिर गए। इससे कई इलाकों में देर रात तक बिजली बाधित रही। बाद में दूसरे सोर्स से बिजली बहाल कर दी गई। पेसू जीएम दिलीप कुमार ने बताया कि तेज हवा से फीडर ब्रेकडाउन किया। पेट्रोलिंग कर धीरे-धीरे सभी इलाके में बिजली बहाल कर दी जाएगी।

# बिहार में रामनवमी पर दरिंदगी: 5 साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

जहानाबाद में रामनवमी के दिन एक मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। बिहार के जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र में रामनवमी के दिन एक गंभीर घटना सामने आई। एक 5 साल की बच्ची के साथ मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। बिहार के जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र में रामनवमी के दिन एक गंभीर घटना सामने आई। एक 5 साल की बच्ची के साथ मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।कुछ समय बाद बच्ची रोते हुए अपने घर वापस आई। जब परिवार के लोगों ने उससे पूछा तो उसने पूरी बात अपनी मां को बताई। इसके बाद परिवार ने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में लोग इकट्ठा हो गए। उस समय तक आरोपी युवक वहां से चला गया था।अगले दिन शनिवार को आरोपी युवक फिर से इलाके में दिखाई दिया।